महानगर वर्ष 55 | अंक 16 | पृष्ठ : 22 | मूल्य : सात रुपये
6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण
अमर उजाला
बरेली • बृहस्पतिवार, 2 फरवरी 2023
माघ शुक्ल-द्वादशी | विक्रम संवत-2079

PAGE NO: 05 MIDDLE

अपनी सुरक्षा के लिए अपनाएं यातायात नियम

सड़क सुरक्षा व साइबर अपराध जागरूकता गोष्ठी में बोले आईजी और एसएसपी

विशिष्ट कार्य के लिए पुलिसकर्मियों को किया गया सम्मानित

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली। एसआरएमएस में पुलिस विभाग की ओर से मिशन शक्ति, साइबर सिक्योरिटी और सड़क सुरक्षा के संबंध में जन जागरूकता संगोष्ठी व रैली का आयोजन किया गया। आईजी राकेश सिंह ने आह्वान किया कि हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग पुलिस से बचने को नहीं बल्कि खुद की सुरक्षा के लिए करें। रैली निकाली गई जिसमें एसएसपी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

आईजी राकेश सिंह ने विद्यार्थियों से यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सिर्फ चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि खुद के बचाव लिए यातायात के नियमों का पालन करना जरूरी है। एसएसपी अखिलेश चौरसिया ने साइबर अपराध को बड़ी चुनौती बताया और कहा कि जागरूकता और सतर्कता ही बचाव है। एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने ऐसे जागरूक अभियानों की सराहना की। संगोष्ठी में महिला हेल्प डेस्क पर काम करने वाली जिले की 29 महिला आरक्षियों को सम्मानित किया गया। साथ ही मिशन शक्ति, साइबर सुरक्षा और सड़क सुरक्षा पर रंगोली बनाने वाली छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

संगोष्ठी में महिला आरक्षियों को सम्मानित किया गया। अमर उजाला

विशेषज्ञों ने दी जानकारी

साइबर अपराध की रोकथाम को सब इंस्पेक्टर शालू ने विस्तार से जानकारी दी। सब इंस्पेक्टर मुन्ना लाल ने सड़क सुरक्षा पर आयोजित कार्यशाला में यातायात के नियमों की जानकारी दी और दुर्घटनाओं के समय मदद को प्रेरित किया। मिशन शक्ति पर कार्यशाला में जिला प्रोबेशन अधिकारी नीता अहिरवार ने महिलाओं की सुरक्षा पर बात रखी। इस मौके पर एसआरएमएस की ट्रस्टी ऋचा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ. एलएस मौर्य, सीओ प्रथम श्वेता यादव, सीओ नवाबगंज चमन सिंह चावड़ा, उमेश त्यागी, ललित सिंह, लवलेश कुमार व कॉलेज के स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा आदि विषयों पर रंगोली बनाई तो उन्हें पुरस्कृत किया गया।

इन टोलफ्री नंबर का रखें ध्यान

- हेल्पलाइन नंबर- 18001800151
- पुलिस आपातकालीन सेवा - 112
- वूमेन पावर लाइन-1019
- महिला पावर लाइन- 181
- मुख्यमंत्री पावर लाइन- 1076
- चाइल्ड लाइन- 1098
- स्वास्थ्य सेवा- 102
- एंबुलेंस सेवा- 108